-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.05.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा 04 वर्षीय गुम हुए बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 06.05.2025 को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा 04 वर्षीय गुम हुए बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 06.05.2025 को थाना बिसण्डा पर कस्बा बिसण्डा में एक 04 वर्षीय बच्चे के सड़क पर भटकते हुए पाये जाने के सूचना प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर बच्चे को थाना लाया गया तथा टीम गठित कर गया आस पास के लोगों से पूछताछ की गई तो पाया गया कि बच्चे की मां नाम नीतू पत्नी गोविन्द है जो थाना पैलानी क्षेत्र की रहने वाली है और देवीनगर कस्बा बिसण्डा में शादी समारोह में आई थी। पुलिस द्वारा परिजनों को बुलाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।